# तिरहुत दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0
## मुजफ्फरपुर डेयरी

कोल्हुआ पैगम्बरपुर, जिला– मुजफ्फरपुर, पिन–843108 (बिहार)
Email- timulmarkering@gmail.com
Mob No. 7070993000


तिमुलःविप0: 2088 — दिनांक : 19.07.2024

**निविदा–सूचना**

**राज्य सरकार के सात निश्चय पार्ट–02 कार्यक्रम के अन्तर्गत सुधा होल–डे–मिल्क पार्लरों के आवंटन हेतु निविदा आमंत्रण**

तिमुल मुजफ्फरपुर के क्षेत्राधीन (पूर्वी चंपारण, प0 चंपारण, सिवान, गोपालगंज, सीतामढ़ी, शिवहर एवं मुजफ्फरपुर) जिला में सरकार के 07 निश्चय पार्ट–02 कार्यक्रम अन्तर्गत सुधा उत्पादों के विपणन में वृद्धि के साथ–साथ बिहार राज्य के लोगों को स्वरोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य के कुछ जिलों में जिला प्रशासन एवं अन्य विभागों द्वारा उपलब्ध कराए गए प्रमुख स्थानों पर सुधा होल–डे–मिल्क बूथ का निर्माण कराया गया है अथवा कराया जाना है, को तिरहुत दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0 द्वारा आवंटित किया जाना है। इच्छुक व्यक्ति जो बिहार राज्य के स्थाई निवासी हों एवं पात्रता पूरी करते हों (वेबसाईट पर योग्यता एवं जगह की सूची उपलब्ध है) से पार्लर के आवंटन हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता, निविदा प्रपत्र, निविदा के नियम व शर्तें हमारी वेबसाईट **www.sudhatimul.in** से डाउनलोड कर सकते हैं।

1. वेबसाईट से अथवा कार्यालय से प्राप्ति हेतु निविदा दस्तावेजों की उपलब्धता दिनांक .... 25.07.2024 से 16.08.2024 के 4:00 बजे तक रहेगा।
2. निविदा फार्म भरकर जमा करने (डाक अथवा कुरियर द्वारा) संघ में प्राप्त हो जाने की अंतिम तिथि 20.08.2024. को संध्या 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि 28.08.2024 (बुधवार) समय 1:00 PM

अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताए कोई भी निविदा या सभी निविदा रद्द करने/संशोधन करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

19/07/24

प्रबंध निदेशक

# तिरहुत दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0, मुजफ्फरपुर

07 निश्चय पार्ट–02 कार्यक्रम अन्तर्गत होल–डे–मिल्क पार्लर जिलावार आवंटित उपयुक्त जगहों के नाम

(1.) **जिला:– पूर्वी चंपारण**

1. आदापुर
2. चिरैया
3. घोड़ासहन
4. सुगौली प्रखंड
5. फेनहारा
6. रक्सौल
7. तुरकौलिया प्रखंड

– बनना है।

8. सुगौली पीएचसी
9. संग्रामपुर पीएचसी
10. पहाड़पुर
11. हरसिद्धि
12. अरेराज पीएचसी
13. अरेराज प्रखंड
14. केसरिया पीएचसी
15. रमगढ़वा
16. कल्याणपुर

– बना है।

(2.) **जिला:– प0 चंपारण**

1. गौनाहा
2. बगहा–02
3. रामनगर
4. नौतन

– बनना है।

5. मधुबनी – बना है।

(3.) **जिला:– सिवान**

1. दरौली
2. आंदर
3. पचरुखी
4. महाराजगंज
5. हुसैनगंज
6. दरौंधा
7. गोरियाकोठी
8. जीरादेई
9. बसंतपुर

– बनने की प्रक्रिया में है।

(4.) **जिला:– गोपालगंज**

1. थावे
2. गोपालगंज
3. वैकुण्ठपुर
4. फुलवरिया
5. पंचदेवरी
6. उचकागॉव
7. कुचायकोट
8. मांझा
9. सिधवलिया
10. भोरे
11. बरौली
12. हथुआ
13. कटेया
14. विजयीपुर

– बनने की प्रक्रिया में है।

फाउंडेशन निर्माण का कार्य प्रारंभ है।

(5.) **जिला:– सीतामढ़ी**

1. निबंधन कार्यालय, भुतही – बना हुआ है।
2. इन्जिरियरिंग कॉलेज – बना हुआ है।

(6) **जिला:– शिवहर**

1. रजिस्ट्री ऑफिस – बना है।
2. इन्जिनियरिंग कॉलेज– बना है।

(7) **जिला– मुजफ्फरपुर**

1. एम0आई0टी कॉलेज मुज0– बना हुआ है।

BIHAR STATE MILK CO-OPERATIVE FEDERATION LTD.

बिहार स्टेट मिल्क को-ऑपरेटिव फेडरेशन लि०

COMFED

कॉम्फेड:विपणन: 2155

दिनांक: 06/6/2024

## कार्यालय आदेश

सात निश्चय पार्ट–2 के अन्तर्गत सुधा होल–डे मिल्क पार्लर के आवंटन हेतु की गयी निविदा में एकल निविदा प्राप्त होने पर मार्गदर्शन की मांग की गयी थी । इस विषय को कॉम्फेड के वित्त समिति में चर्चा के उपरांत विभिन्न बिन्दुओं पर कॉम्फेड के सक्षम प्राधिकारी से अनुमोदन प्राप्त किया गया है ।

सात निश्चय पार्ट–2 के अन्तर्गत सुधा पार्लर के आवंटन में एकल निविदा प्राप्त होने की स्थिति निम्न प्रक्रिया के अनुसार कार्यवाही की जा सकती है:–

1. H-1 मोड पर निविदा निकालने के पूर्व होल–डे मिल्क पार्लर का न्यूनतम मासिक किराया निर्धारित किया जा सकता है । न्यूनतम मासिक किराया निर्धारण हेतु बिहार राज्य के सभी शहरों को X, Y एवं Z वर्गो में वर्गीकृत किया गया है ।

   बिहार राज्य के 2011 के जनगणना के मद्देनजर X वर्ग में जिसकी शहरी आबादी 3.50 लाख से अधिक है, को रखा गया है जिसमें राज्य के 4 शहर पटना, गया, भागलपुर एवं मुजफ्फरपुर शामिल है ।

   Y वर्ग में जिसकी शहरी आबादी 2.00 लाख से 3.50 लाख के बीच है, को रखा गया है एवं इसमें राज्य के 13 शहर बिहारशरीफ, दरभंगा, बेगुसराय, कटिहार, प० चंपारण, पूर्वी चंपारण, सहरसा, पूर्णिया, समस्तीपुर, आरा, मुंगेर, सासाराम एवं छपरा शामिल है ।

   Z वर्ग में जिसकी शहरी आबादी 2.00 लाख से कम है, को रखा गया है एवं इसमें राज्य के 21 शहर अररिया, अरवल, औरंगाबाद, बांका, बक्सर, गोपालगंज, जमुई, जहानाबाद, खगड़िया, किशनगंज, लखीसराय, सुपौल, मधुबनी, मधेपुरा, नवादा, शिवहर, सीतामढ़ी, भभुआ, शेखपुरा, सीवान, एवं हाजीपुर शामिल है ।

2. आवंटित स्थलों पर मिल्क पार्लर के निर्माण स्थलों के अनुरूप होल–डे मिल्क पार्लरों को A, B एवं C वर्गो में वर्गीकृत किया गया है ।

   x वर्ग के शहरों हेतु मासिक किराये का निर्धारण :–

   A वर्ग के मिल्क पार्लर ———— इस वर्ग हेतु x वर्ग के निर्धारित जिले के मुख्य बाजार, मुख्य मार्ग के किनारे, शहर के मुख्य चौक, मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के परिसर अथवा गेट के आसपास, शहर के मुख्य रेलवे स्टेशन या स्टेशन के आसपास, मुख्य बस स्टैण्ड परिसर एवं उसके मुख्य गेट के आसपास स्थित मिल्क पार्लर को शामिल करते हुए न्युनतम किराया रू0 3000.00 प्रति माह निर्धारित किया गया है ।

   B वर्ग के मिल्क पार्लर ———— इस वर्ग में x वर्ग के निर्धारित जिले के जिला स्तरीय अस्पताल, जिला स्तरीय निबंधन कार्यालय, जिले के मुख्य पर्यटक स्थल, शहर के मुख्य पार्क के परिसर या उसके आसपास एवं जिला समाहरणालय के परिसर व आस–पास, शहर के अन्य मुख्य बड़े सरकारी कार्यालयों के निकट, शहर के मुख्य रेलवे स्टेशन या स्टेशन के आसपास को छोड़कर शहरी क्षेत्र अन्य रेलवे स्टेशन के आस–पास , शहर के मुख्य बस स्टैण्ड परिसर एवं उसके मुख्य गेट के आसपास को छोड़कर अन्य बस स्टेण्ड के निकट स्थित मिल्क पार्लर को शामिल करते हुए न्युनतम किराया रू0 2500.00 प्रति माह निर्धारित किया गया है ।

   C वर्ग के मिल्क पार्लर ———— इस वर्ग में x वर्ग के निर्धारित जिले के अनुमंडल, प्रखंड व पंचायत व समतुल्य स्तरीय अस्पताल, अनुमंडल, प्रखंड व पंचायत व समतुल्य स्तरीय निबंधन कार्यालय, जिले के मुख्य पर्यटक स्थल को छोड़कर, शहर के मुख्य पार्क के परिसर या उसके आसपास को छोड़कर अन्य सभी पार्को के निकट एवं शहर के

Sudha
PRIDE OF BIHAR
DAIRY DEVELOPMENT COMPLEX, P.O.- BIHAR VETERINARY COLLEGE, PATNA-800 014 (BIHAR)
डेयरी डेवलॉपमेंट कॉम्पलेक्स, पो०- बिहार भेटनरी कॉलेज, पटना - 800 0140 (बिहार)
Phone / दूरभाष : 2224083, 2228953, 2228347, 2220387, 2228306, Fax : 0612 - 2224017
E-Mail : comfed.patna@gmail.com Website : www.sudha.coop

COMFED

# BIHAR STATE MILK CO-OPERATIVE FEDERATION LTD.
# बिहार स्टेट मिल्क को-ऑपरेटिव फेडरेशन लि०

अन्य सभी छोटे सरकारी कार्यालयों के निकट, जिले के अन्य अनुमंडल, प्रखंड या समतुल्य स्तर के सभी रेलवे स्टेशन या स्टेशन के आसपास, बस स्टैण्ड परिसर एवं उसके मुख्य गेट के आसपास स्थित मिल्क पार्लर को शामिल करते हुए न्युनतम किराया रू0 1000.00 प्रति माह निर्धारित किया गया है ।

Y वर्ग के शहरों हेतु मासिक किराये का निर्धारण :–

Y वर्ग हेतु निर्धारित जिले के A वर्ग के मिल्क पार्लर हेतु न्युनतम किराया रू0 2000.00 प्रति माह, B वर्ग के मिल्क पार्लर हेतु न्युनतम किराया रू0 1500.00 प्रति माह, C वर्ग के मिल्क पार्लर हेतु न्युनतम किराया रू0 750.00 प्रति माह निर्धारित किया गया है ।

Z वर्ग के शहरों हेतु मासिक किराये का निर्धारणः–

Z वर्ग हेतु निर्धारित जिले के A वर्ग के मिल्क पार्लर हेतु न्युनतम किराया रू0 1500.00 प्रति माह, B वर्ग के मिल्क पार्लर हेतु न्युनतम किराया रू0 1000.00 प्रति माह, C वर्ग के मिल्क पार्लर हेतु न्युनतम किराया रू0 750.00 प्रति माह निर्धारित किया गया है ।

3. संबंधित संघ एवं इकाई के प्रबंध निदेशक/मुख्य कार्य पालक द्वारा A, B, C मिल्क पार्लर के वर्गो के अनुसार न्युनतम मासिक किराया निर्धारण पार्लर के आवंटित स्थल, प्रतिदिन अनुमानित बिक्री, आम–जनों की मिल्क पार्लर तक पहुँच एवं फुट–फॉल इत्यादि की मुल्यांकन करने के उपरांत प्रत्येक पार्लर के मासिक किराया का निर्धारण संबंधित संघ एवं इकाई के प्रबंध निदेशक/मुख्य कार्य पालक द्वारा किया जा सकता है ।

4. न्युनतम मासिक किराये का निर्धारण उपरोक्त वर्णित तथ्यों के आधार पर संबधित संघ/इकाई के प्रबंध निदेशक/मुख्य कार्यपालक द्वारा गठित तीन सदस्य समिति के अनुशंसा के आलोक में किया जा सकता है ।

5. न्युनतम मासिक निर्धारित किराया को निविदा में उल्लेखित किया जा सकता है, ताकि निविदादाता को होल–डे मिल्क पार्लर का न्युनतम किराया ज्ञात हो ।

6. निर्धारित न्युनतम किराया से कम दर पर मिल्क पार्लर का आवंटन नही किया जा सकता है । निविदा में प्राप्त अधिकतम मासिक किराया की सीमा निर्धारित नही है ।

7. सात निश्चय पार्ट–2 के अन्तर्गत पूर्व में प्राप्त हुई निविदाओं को उपरोक्त अनुशंसा के आधार पर अग्रेतर कार्यवाही की जा सकती है ।

विश्वासभाजन

(हस्ताक्षर)

महाप्रबंधक

06/06/2024

प्रतिलिपिः– प्रबंध निदेशक /मुख्य कार्यपालक
बिहार राज्य के संघ/इकाई ।

Sudha
PRIDE OF BIHAR

DAIRY DEVELOPMENT COMPLEX, P.O.- BIHAR VETERINARY COLLEGE, PATNA-800 014 (BIHAR)
डेयरी डेवलॉपमेंट कॉम्पलेक्स, पो०- बिहार भेटनरी कॉलेज, पटना - 800 0140 (बिहार)
Phone / दूरभाष : 2224083, 2228953, 2228347, 2220387, 2228306, Fax : 0612 - 2224017
E-Mail : comfed.patna@gmail.com Website : www.sudha.coop